प्रीलिम्स फैक्ट्स: 23 अगस्त, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-23-august-2019

'फ्लोक्सिनॉसिनिहिलिपिलिफिकेशन'

(Floccinaucinihilipilification)

हाल ही में मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee) के सदस्य चेतन घाटे द्वारा Floccinaucinihilipilification शब्द का प्रयोग किया गया जिसके बाद 29 अक्षरों का यह शब्द एक बार फिर से चर्चा का विषय बना हुआ है।

- इससे पहले इस शब्द का प्रयोग वर्ष 2018 में किया गया था। तब शशि थरूर द्वारा अपनी पुस्तक **"THE PARADOXICAL PRIME MINISTER"** के प्रचार के दौरान ट्विटर पर इस शब्द का इस्तेमाल किया गया था।
- ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इस शब्द को **"the action or habit of estimating something as worthless"** अर्थात् **"किसी भी बात पर आलोचना करने की आदत, चाहे वो गलत हो या सही"** के रूप में परिभाषित किया है।
- चेतन घाटे ने इस शब्द का इस्तेमाल भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनुमानों की वैधता पर संदेह करने वाले कई अर्थशास्त्रियों के प्रयासों को चिह्नित करने के लिये किया।

बेविन पुरस्कार

(Bavin Award)

दिल्ली स्थित गैर-लाभकारी संरक्षण संस्थान वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के प्रमुख संरक्षण गैर-लाभ के प्रमुख, संरक्षणविद विवेक मेनन, को प्रतिष्ठित क्लार्क आर बेविन वन्यजीव कानून प्रवर्तन पुरस्कार (Clark R Bavin Wildlife Law Enforcement Award) से सम्मानित किया गया है।

- विवेक मेनन को यह पुरस्कार जेनेवा में चल रही CITES (Convention on International Trade in Endangered Species) की 18वीं बैठक के दौरान दिया गया।

- बेविन पुरस्कार की स्थापना **एनिमल वेलफेयर इंस्टीट्यूट** (Animal Welfare Institute) द्वारा वन्यजीव कानून प्रवर्तन अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, एजेंसी प्रशासकों, आपराधिक जाँचकर्त्ताओं, फोरेंसिक वैज्ञानिकों, वकीलों, मुखबिरों और उन लोगों को पुरस्कृत/सम्मानित करने के लिये की गई है जिन्होंने अपने निर्धारित कर्त्तव्यों से आगे बढ़कर वन्यजीव अपराधों को रोकने का कार्य किया है।

केरल में महिलाएँ चला सकेंगी सरकारी वाहन

केरल सरकार ने सरकारी सेवाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) में अब महिला ड्राइवरों की नियुक्ति करने फैसला किया है।

- यह पहली बार है जब किसी राज्य सरकार ने महिलाओं को सरकारी वाहन चलाने की अनुमति देने का फैसला किया है।
- इससे पहले केरल सरकार ने राज्य में **'शी-टैक्सी' (She Taxi)** की शुरूआत की थी, लेकिन यह योजना बहुत अधिक सफल नहीं हुई।

She Taxi

- महिलाओं को स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से नवंबर 2013 में 'शी-टैक्सी' की शुरुआत केरल राज्य सरकार द्वारा की गई थी। यह महिला यात्रियों के लिये सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सुविधा सुनिश्चित करता है। इस पहल ने वर्ष 2014 में सार्वजनिक नीति में नवाचार के लिये मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त भी किया।
- इसकी शुरुआत केरल सरकार के सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्रवर्तित एक स्वायत्त संस्थान, **जेंडर पार्क** द्वारा शुरू की गई। इस पहल की शुरुआत पाँच कारों के एक बेड़े के साथ की गई थी।

केरल सरकार के अन्य महत्त्वपूर्ण निर्णय

- केरल सरकार द्वारा लगातार महिलाओं संबंधित नए प्रावधान लागू किये जा रहे हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने महिला और बाल विभाग का गठन किया है तथा 550 सदस्यों वाली पहली महिला बटालियन का गठन भी किया है। इस बटालियन का गठन पुलिस बल में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।
- उपरोक्त के अलावा राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार जीतने वाले 83 खिलाड़ियों को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्त करने का भी निर्णय भी लिया है।